**Regarding need to construct road over-bridge in Satna City Madhya Pradesh and also provide additional funds for conservation of Satna and Tamas Rivers-Laid**

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** मैं सरकार का ध्यान, मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना शहर की ओर दिलाना चाहता हूँ । देश के अन्दर 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की जिस महत्वपूर्ण योजना को मंत्रालय ने स्वीकृति दी है, उसमें सतना शहर भी शामिल है । मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि शहर में दिन-प्रतिदिन ट्रैफिक बढ़ता जा रहा है इसलिये सेमरिया चौक से पुरानी गल्ला मंडी होकर टिकुरिया टोला तक तथा सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन रोड होकर नजीराबाद कालोनी तक फ्लाई ओव्हर सड़क बनाने की हमारी मांग को स्वीकृति दी जाए, तथा स्मार्ट सिटी के तहत सतना एवं टमस नदी जिनके संगम से शहर को पीने का पानी दिया जा रहा है इन दोनों नदियों के संरक्षण हेतु अतिरिक्त धनराशि दी जाए ।